## ब्रिटेन एवं अमेरिका में दलीय प्रणाली



## COMPARATIVE PARTY SYSTEM IN U.K AND U.S.A

22 Nov. 1990 को ब्रिटेन के इतिहास में 11½ वर्षों तक प्रधानमंत्री पद पर बनी रहीं कंजरवेटिव पार्टी की नेता श्रीमती मारग्रेट थैचर, जिन्हें विश्व ने Iron Lady कहा गया है ने अपना त्यागपत्र महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को सौंप दिया। श्रीमती थैचर ने अपनी पार्टी से अनुरोध किया कि वह उनके स्थान पर नया नेता चुन लें जो दौर में थे- हैजेल-टाईन, डगलस हर्ड एवं जान मेजर।

23 Nov. 1990 को कंजरवेटिव पार्टी का नेतृत्व जॉन मेजर को मिला और वे ब्रिटेन के प्रधान मंत्री बने – The youngest Prime Minister in this Country.

जान मेजर ने स्पष्ट कर दिया कि वे "थैचर पालिसी लाईन" को ही मान्यता देंगे और ब्रिटेन के लिये एक ऐसी सामाजिक संरचना करेंगे जो उनके शब्दों में "A society of opp-ourtunity, an open society built on people talent and on this achievements."

इधर अमेरिका में Republican Party के नेता जार्ज बुश जो अमेरिकी राष्ट्रपति थे, ने जान मेजर से हाथ मिलाया ताकि 1991 का Gulf war सद्दाम हुसैन के विरुद्ध जीता जा सके। फिलहाल अमेरिका में बिल क्लिंटन के नेतृत्व में Democratic Party सत्ता रूढ़ ~~बने जा रहे~~ हैं। हाल के राष्ट्रपति चुनावों में श्री जार्ज बुश के Republican Party की करारी हार हुई है।

सच तो यह है कि First world war के ये दोनो देश ब्रिटेन एवं अमेरिका एक ही राजनीतिक पथ के राही हैं। परन्तु फिर भी जहाँ तक राजनीतिक दलों का प्रश्न है उनके विषय में यह सत्य ही कहा जाता है कि "While the British political Parties are based on principles, the American Political parties are the block of intrests."

In the light of this statement we shall discuss about the comparative role of the British and American Political Parties.

Herman Finar ने सही कहा है कि "कुछ वर्ष पहले एक अमेरिकन statesman ने राजनीतिक दलों को "अदृश्य सरकार" कहा था, परन्तु आज उनका रूप "दृश्य सरकार" का ही नहीं हो गया है वरन् उसे मान्यता प्राप्त सरकार माना जाने लगा है।"

ब्रिटेन में संविधान के विकास के साथ-2 दलीय प्रणाली का भी विकास हुआ है। ब्रिटिश राजनीतिक दल ही आधुनिक राजनीतिक दलों का जनक माना जा सकता है। Sir Ivor Jenning ने अपनी पुस्तक Cabinet Govt. में कहा है कि ब्रिटेन में संसदीय

P.T.O.

Scanned with CamScanner

②

सरकार ( Parliamentary Govt.) है जो वास्तव में मंत्रीमंडलीय सरकार ( Cabinet Govt.) है और मंत्रीमंडलीय सरकार वास्तव में दलीय सरकार ( Party Govt.) है। Jennings ने राजनीतिक दलो को ब्रिटेश राजनीतिक व्यवस्था का Corner Stone बतलाया है।

विश्व में आज कई प्रकार की दल प्रणाली है। एक ओर France और India बहुदलीय प्रणाली का देश है तो U.K. और U.S.A. में द्विदलीय प्रणाली है। इन दोनो से अलग ~~रूस तथा~~ China है तथा अन्य साम्यवादी देश है जहाँ एकदलीय प्रणाली है। नेपाल जैसे कुछ तृतीय विश्व के देशो में दलविहीन राजनीति ही था जहाँ कोई भी दल नहीं था 1990 तक। आज नेपाल में भी लोकतंत्र की स्थापना हो चुकी है तथा वहाँ अब बहुदलीय व्यवस्था आ गई है।

असमानतायें → यद्यपि U.K और U.S.A दोनो देशो की दलीय प्रणाली में कई अंतर है

① जहाँ U.S.A. में राजनीतिक दल हितो का समुह है और दलो का विकास परिस्थितियों के आधार पर हुआ है वहीं U.K में राजनीतिक दल सिद्धांतो पर आधारित है।

② U.S.A. के संविधान में संशोधन करने की कठिन विधि और न्यायिक पुनरीक्षण की शक्ति के कारण वहाँ राजनीतिक दलो की सत्ता कमजोर होती है और दलो में उत्तरदायित्व की भावना का आभाव होता है परन्तु ब्रिटेन में इसके विपरित दल ही सर्वेसर्वा है और वहाँ के दल पर ही शासन संचालन का उत्तरदायित्व है।

③ ब्रिटेन की तुलना में अमेरिका में दलीय संगठन का ढाँचा मजबुत है। इसका कारण यह है कि अमेरिका में ब्रिटेन की तुलना में दल जल्दी-2 मतदाताओ के समक्ष उपस्थित होता है। अमेरिका में House of representative का चुनाव दो वर्षो के लिये होता है तथा Governers एवं Mayorsका भी चुनाव होता है। जबकि Britain में चुनाव कम होते हैं। वहाँ House of Commons का चुनाव पाँच वर्षो के लिये होता है।

④ संघात्मक शासन प्रणाली की सरकार होने के कारण तथा क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़ा होने के कारण अमेरिका में ये दल क्षेत्रीय समस्याओ पर ज्यादा जोर देते हैं। जबकि U.K. में एकात्मक प्रणाली होने के कारण दलीय दृष्टिकोण क्षेत्रीय न होकर राष्ट्रीय होता है।

~~इस प्रकार अमे~~ इस प्रकार अमेरिका में भले ही दल का संगठन मजबुत है परन्तु उसके उद्देश्य स्पष्ट नहीं है। Prof. E.L. WoodWord के शब्दो में "The American Political Parties are ~~two~~ ~~ri~~ like two rival stage coaches spottering each other with mud, going along the same road and the same direction."

(5) यदि Republican और Democrat दलो के घोषणा पत्र को देखा जाय तो उनके उद्देश्यो का सही निर्धारण कठिन हो जाता है। इसके विपरित ब्रिटेन में कंजरवेटिव, लेबर एवंम लिबरल राजनीतिक दलो के घोषणा पत्र से उनके उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट हो जाते हैं।

(6) अमेरिका में शुरू से दो दल Republican और Democrat की प्रधानता रही है। परन्तु ब्रिटेन में प्रारंभ में Conservative और Libral इन दो दलो की प्रधानता थी। 20वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में कंजरवेटिव और लेबर इन दो दलो का प्रभुत्व रहा। परन्तु पिछले चुनाव में लिबरल दल का भी काफी उत्थान हुआ। और तीन दलो में आपसी प्रतिद्वंदिता हो गई।

(7) उद्भव के आधार पर भी दोनो देशो के दलो में अंतर है। U.K. टोरी और विंग दल की उत्पत्ति सम्राट के पक्ष और विपक्ष को लेकर हुई जो आज के Conservative और Libral दल हैं। मजदूर दल (labour Party) का उदय 20वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में हुआ जिसका उद्देश्य मजदूरो के हितो की पूर्ति तथा समाजवाद का प्रचार करना है। परन्तु अमेरिका में Federalist और Antifederalist दल का उदय संघ के पक्ष और विपक्ष के आधार पर हुआ जो आज Republican और Democrat पार्टियाँ हैं।

(8) ब्रिटेन में दल के नेता का प्रभाव अमेरिका में दल के नेता के प्रभाव के तुलना में काफी अधिक होता है। ब्रिटेन में Party के सदस्यो को समान्यतया नेता के निर्णय के अनुसार कार्य करना पड़ता है। वह यदि कुछ कहता या कुछ करता है तो उसे दल की बात मानी जाती है। ठीक इसके विपरित अमेरिका में नेता का ऐसा प्रभाव नहीं होता। दल के सदस्य स्वतंत्र विचार प्रतिपादित करते हैं और नेता को दल का अधिकृत प्रवक्ता नहीं माना जाता।

(9) अमेरिका की तुलना में ब्रिटेन में दलीय अनुशासन काफी कड़ा है। दल के सदस्यों को संसद के बाहर और अंदर दल की नीति के अनुसार आचरण करना पड़ता है। दल की नीति के विरुद्ध आचरण करने वालो के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाती है। परन्तु अमेरिका में दलीय अनुशासन इतना कड़ा नहीं है।

III. **दोनो में समानतायें :-** U.K. और U.S.A. की दलीय प्रणाली की उपर्युक्त असमानताओ के अध्ययन से ऐसा लगता है कि दोनो देशो की दलीय प्रणाली एक दूसरे से बिल्कुल भिन्न है। परन्तु वास्तविकता इससे भिन्न है। दोनो देशो की दलीय प्रणाली में कई मूलभूत समानतायें हैं —

(1) दोनो ही देशों के राजनीतिक दल उदारवादी राजनीतिक संस्कृति की उपज है।

Scanned with CamScanner

(2) राजनीतिक दलो के संगठन का ढाँचा दोनो ही देशो में प्रजातंत्र के उच्च सिद्धांतो पर आधारित है।

IV. <u>मूल्यांकन</u> :→ अंत में हम कह सकते हैं कि U.K. और U.S.A. दोनों ही देशो में प्रतिनिधित्व सरकारें हैं जो वास्तव में दलीय सरकारें हैं। राजनीतिक दलों का दोनो देशों में काफी महत्वपूर्ण स्थान है और राजनीतिक दल दोनो ही देशो में प्रजातांत्रिक मूल्यों की रक्षा में सहयोग दे रहे हैं। यह तथ्य 1991 के Gulf War से सिद्ध होता है जिसमें Conservative पार्टी के जॉन मेजर ने Republican पार्टी के जार्ज बुश को सद्दाम हुसैन के विरुद्ध युद्ध में मदद किया 'बहुराष्ट्रीय सेना को सहयोग देकर UN Resolution के आधार पर।

—x—

Scanned with CamScanner